






# द हेरिटेज अकादमी में मनाया गया अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस

By शुभजिता - March 10, 2021

75 0



**कोलकाता :** द हेरिटज अकादमी के मीडिया साइंस विभाग में अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वर्चुअल परिचर्चा आयोजित की गयी। परिचर्चा का विषय चुनौतीपूर्ण समय में नेतृत्व था। परिचर्चा में अभिनेत्री सोहिनी सेनगुप्ता ने इस क्षेत्र में पारिश्रमिक की असमानता पर बात की। आईसीआईसीआई बैंक के ट्रेड प्रोडक्ट्स की हेड नंदिनी भट्टाचार्य ने कॉरपोरेट जगत में महिलाओं के सामने आने वाली समस्याओं और नेतृत्व की चुनौतियों पर बात की। उन्होंने इस बाबत गुण और योग्यताओं की चर्चा भी की। पैटन समूह के बिजनेस डेवलपमेंट की प्रेसिडेंट प्रियम बुधिया ने कोविड – 19 के दौरान खोजे गये समाधानों पर चर्चा की। ड्रीम स्पोर्ट्स (ड्रीम 11) की मुख्य सम्पर्क तथा जनसम्पर्क अधिकारी परमा रॉय चौधरी नेतृत्व कर रही महिलाओं के सामने आने वाली समस्याओं पर बात की। उन्होंने राजनीति. व्यवहार, संरचना, खुद पर विश्वास रखने की बात कही। द हेरिटेज अकादमी के मीडिया साइंस विभाग की डीन प्रो. डॉ. मधुपा बक्सी ने सत्र का संचालन किया। इस परिचर्चा के दौरान पश्चिम बंग राज्य विश्वविद्यालय के पूर्व वीसी तथा केबीटी के वरिष्ठ निदेशक (शिक्षा) प्रो. बासव चौधरी, केबीटी के सीईओ प्रदीप अग्रवाल तथा द हेरिटेज अकादमी के प्रिंसिपल डॉ. गौर बनर्जी भी उपस्थित थे।

PATTON®